# क्या क्लिनिकल ट्रायल (नैदानिक परीक्षण) आपके लिए सही है?

**क्लिनिकल ट्रायलों का उद्देश्य कैंसर और अन्य बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए देखभाल तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के तरीके खोजना है। यह सूचना पत्र आपको क्लिनिकल ट्रायल में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया में मार्गदर्शन देगा और आपकी उपचार टीम से पूछे जाने वाले प्रश्नों में मदद करेगा।**

## क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने के क्या लाभ हैं?

- उन उपचारों या परीक्षणों तक पहुँच जो अभी तक उपलब्ध नहीं हैं।
- परीक्षण किए जा रहे उपचार आपके लिए उपलब्ध वर्तमान विकल्पों से बेहतर काम कर सकते हैं।
- क्लिनिकल ट्रायल डॉक्टरों, नर्सों और समन्वयकों की एक विशेषज्ञ टीम से क्लिनिकल ट्रायल में करीब से निगरानी, देखभाल और सहयोग।

## क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने के क्या नुकसान हैं?

- प्रयोगात्मक उपचारों से आप अप्रिय, गंभीर या प्राणघातक दुष्प्रभावों का अनुभव कर सकते/ती हैं।
- हो सकता है कि परीक्षण किया जा रहा उपचार आपके वर्तमान उपलब्ध विकल्पों से बेहतर काम न करे।
- आपको समीक्षाओं, परीक्षणों और स्कैन के लिए अतिरिक्त विज़िट करने की आवश्यकता हो सकती है।

## सूचित सहमति क्या होती है?

आपकी क्लिनिकल ट्रायल टीम क्लिनिकल ट्रायल के बारे में आपको सारी जानकारी देगी और इसपर चर्चा करेगी। यह जानकारी आपके '**रोगी सूचित सहमति फॉर्म**' पर भी होगी। यह तय करने में मदद करने के लिए कि क्या क्लिनिकल ट्रायल आपके लिए सही है या नहीं, हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप:

- परिवार के किसी सदस्य या अपने सामान्य चिकित्सक (जीपी) के साथ 'रोगी सूचित सहमति फॉर्म' पर चर्चा करें।
- उन प्रश्नों के बारे में सोचने के लिए संलग्न 'कृपया हमसे पूछें (Please Ask Us)' चेकलिस्ट का उपयोग करें जो आप अपनी अगली अपॉइंटमेंट पर पूछना चाहते/ती हैं।

इसके बाद, यदि आप क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने का निर्णय लेते/ती हैं, तो आपको भाग लेने से पहले 'रोगी **सूचित सहमति** फॉर्म' को पढ़ने और इसपर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जाएगा। इसका अर्थ है कि आप:

- क्लिनिकल ट्रायल के बारे में **सूचित** हैं, और आपको इसकी सारी जानकारी आपके द्वारा समझे जाने वाली भाषा में दी गई है जिसकी आपको यह फैसला लेने में मदद हेतु ज़रूरत होती है कि क्या क्लिनिकल ट्रायल आपके लिए सही है या नहीं।
- क्लिनिकल ट्रायल से सम्बन्धित सारी जानकारी समझने के बाद, क्लीनिकल ट्रायल में हिस्सा लेने की **सहमति** देते/ती हैं।

## उस स्थिति में क्या होता है यदि आप कहते/ती हैं, "नहीं, मैं भाग नहीं लेना चाहता/ती हूँ"?

आप क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने से "मना" कर सकते/ती हैं। "मना" करने से आपके उपचार या आपके डॉक्टर के साथ संबंध पर असर नहीं पड़ेगा।

## उस स्थिति में क्या होता है यदि आप कहते/ती हैं, "हाँ, मैं भाग लेना चाहता/ती हूँ"?

यदि आप क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने के लिए "हाँ" कहते/ती हैं, तो क्लिनिकल ट्रायल डॉक्टर आपको 'रोगी सूचित सहमति फॉर्म' पर हस्ताक्षर करने के लिए कहेंगे।

जून 2020



Parkville Cancer Clinical Trials Unit
(पार्कविले कैंसर क्लिनिकल ट्रायल यूनिट) द्वारा निर्मित

Victorian Comprehensive Cancer Centre
(विक्टोरियन कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर, VCCC) एलायंस द्वारा अनुवादित

## पात्रता क्या होती है?

सभी क्लिनिकल ट्रायलों का पात्रता मानदंड सम्बन्धित सेट (वर्ग) होता है जिसे रोगियों को क्लिनिकल ट्रायल में शामिल होने से पहले पूरा करने की आवश्यकता होती है।

पात्रता मानदंड में आयु, मेडिकल हिस्ट्री (चिकित्सीय इतिहास) और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति शामिल हो सकती है।

इन मानदंडों को यह सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है कि जिन रोगियों को गंभीर दुष्प्रभावों का अनुभव होने की अधिक संभावना होती है, उन्हें **जोखिम में नहीं डाला** जाए।

आपके द्वारा अपने 'रोगी सूचित सहमति फॉर्म' पर हस्ताक्षर कर लेने के बाद, हमारे पास यह पता लगाने के लिए परीक्षण या स्कैन करने की अनुमति होती है कि आप पात्र हैं या नहीं।

'रोगी सूचित सहमति फॉर्म' पर हस्ताक्षर करने से यह गारंटी **नहीं** मिलती है कि आप क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने में सक्षम होंगे। क्लिनिकल ट्रायल पर उपचार प्राप्त करने से पहले आपको सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा।

यदि क्लिनिकल ट्रायलों के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर से बात करें। यदि आपको या आपके परिवार को उपलब्ध क्लिनिकल ट्रायलों के बारे में और अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया [email address] परईमेल करके या [phone number] पर फोन करके हमसे संपर्क करें।

# कृपया हमसे पूछें...

**प्रश्न पूछना 'सूचित सहमति' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।**
**हमने कुछ प्रश्न उपलब्ध कराए हैं जिन्हें आप अपनी क्लिनिकल ट्रायल टीम से पूछना चाह सकते/ती हैं। आपके पास अपने स्वयं के सवाल भी हो सकते हैं जिन्हें आप पृष्ठ पर लिख सकते/ती हैं।**

## अपने डॉक्टर से पूछें ...

- ☐ यह क्लिनिकल ट्रायल किस बारे में है?
- ☐ क्या मेरे लिए अन्य क्लिनिकल ट्रायल उपलब्ध हैं?
- ☐ क्या क्लिनिकल ट्रायल में भाग लिए बिना मुझे क्लिनिकल ट्रायल उपचार मिल सकता है?
- ☐ अगर मैं भाग नहीं लेता/ती हूँ, तो मुझे क्या उपचार मिलेगा?
- ☐ इस क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने के क्या लाभ हैं?
- ☐ क्लिनिकल ट्रायल उपचार के नुकसान या जोखिम क्या हैं?

### अगर मुझे ट्रायल (परीक्षण) उपचार मिलता है तो क्या होता हैं?

- ☐ क्लिनिकल ट्रायल उपचार के बारे में पहले से क्या जानकारी है
- ☐ इस क्लिनिकल ट्रायल पर किस प्रकार के उपचारों की पेशकश की जाती है?
- ☐ क्या मुझे पता रहेगा कि मुझे क्या इलाज मिल रहा है?
- ☐ मेरा क्लिनिकल ट्रायल उपचार कैसे दिया जाएगा?
- ☐ क्या मैं क्लिनिकल ट्रायल समाप्त होने के बाद उपचार का उपयोग करना जारी रख सकता/ती हूँ?
- ☐ अगर मैं अस्वस्थ हो जाता/ती हूँ या क्लिनिकल ट्रायल पर कुछ गलत हो जाता है तो क्या होता है?
- ☐ अगर क्लिनिकल ट्रायल उपचार से मेरी मदद नहीं हो रही हो, तो क्या होता है?
- ☐ क्या मैं अपनी वर्तमान निर्धारित दवाएँ या वैकल्पिक उपचार लेना जारी रख सकता/ती हूँ?

## अपनी नर्स या समन्वयक (कॉर्डिनेटर) से पूछें ...

- ☐ क्लिनिकल ट्रायल पर मेरी उपचार टीम कौन सी होगी?
- ☐ मेरे क्लिनिकल ट्रायल पर होने के दौरान, मेरे सवालों या चिंताओं के साथ मेरी मदद कौन कर सकता है?
- ☐ क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े मेरे परिणामों के साथ क्या होता है?
- ☐ क्या परिणाम सार्वजनिक किए जाते हैं?

### मेरी व्यक्तिगत जानकारी के साथ क्या होता है?

- ☐ मेरी गोपनीयता को कैसे सुरक्षित रखा जाता है?
- ☐ क्या मेरी क्लिनिकल ट्रायल जानकारी के साथ मेरे नाम का प्रयोग किया जाएगा?
- ☐ क्लिनिकल ट्रायल में भाग के तौर पर मेरे द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी को कौन देख पाएगा?
- ☐ यदि मैं क्लिनिकल ट्रायल से अपना नाम वापस ले लेता/ती हूँ तो मेरी जानकारी का क्या होता है?

### अगर मैं भाग लेता/ती हूँ तो मेरे साथ क्या होगा?

- ☐ अगर मैं किसी क्लिनिकल ट्रायल में शामिल होता/ती हूँ लेकिन बाद में अपना मन बदल लेता/ती हूँ, तो मैं इसे कैसे रोक सकता/ती हूँ?
- ☐ समय से जुड़ी कितनी प्रतिबद्धता इसमें शामिल है?
- ☐ क्या मुझे कोई अतिरिक्त परीक्षण या कार्यविधियाँ करने की आवश्यकता होगी?
- ☐ यदि मैं क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेता/ती हूँ तो क्या मेरे लिए कोई अतिरिक्त लागत होगी?
- ☐ क्या मैं अपने घर के करीब के क्लिनिकल ट्रायल उपचार या कार्यविधियों में शामिल हो सकता/ती हूँ?
- ☐ क्या भाग लेते समय मेरे या मेरे जीवनसाथी (पार्टनर) के लिए स्तनपान कराना या गर्भवती होना सुरक्षित है?
- ☐ क्या भाग लेने के दौरान मुझे गर्भनिरोधक का उपयोग करने की आवश्यकता है?

जून 2020



Parkville Cancer Clinical Trials Unit
(पार्कविले कैंसर क्लिनिकल ट्रायल यूनिट) द्वारा निर्मित

Victorian Comprehensive Cancer Centre
(विक्टोरियन कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर, VCCC) एलायंस द्वारा अनुवादित

## आपके प्रश्न:

## आपके नोट्स:



Parkville Cancer Clinical Trials Unit
(पार्कविले कैंसर क्लिनिकल ट्रायल यूनिट) द्वारा निर्मित

Victorian Comprehensive Cancer Centre
(विक्टोरियन कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर, VCCC) एलायंस द्वारा अनुवादित